# राजस्थान सरकार
# निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (B–431) अलेसे–I / 3929 - 33 दिनांकः– 18-06-2024

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी पदस्थापन / स्थानान्तरण आदेश संख्या 89 / 2023–24 दिनांक 22.02.2024 के द्वारा श्रीमती बिन्नी जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण कार्यालय सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर में किया गया था, किन्तु श्रीमती बिन्नी जैन, सलेअ–I द्वारा दिनांक 26.02.2024 से चिकित्सा अवकाश पर रहने के कारण तथा दिनांक 16.03.2024 से आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण श्रीमती बिन्नी जैन द्वारा इस निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में कार्यग्रहण किया गया।

दिनांक 06.03.2024 से आदर्श आचार संहिता समाप्त हो चुकी है। श्रीमती जैन आदेशों की प्रतीक्षा में रहते हुए स्वयं के अस्वस्थता के कारण दिनांक 04.06.2024 से 10 दिवस से चिकित्सीय अवकाश पर रही थी। अतः श्रीमती बिन्नी जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I को आदेशों की प्रतीक्षा से दिनांक 14.06.2024 को मध्यान्ह् पश्चात् कार्यमुक्त करते हुए नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करने हेतु निर्देशित किया जाता है कि श्रीमती बिन्नी जैन नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल jdp1-ta-rj@nic.in / दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

उक्त आदेश निदेशक महोदय से अनुमोदित है।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

क्रमांकः– एफ.2 (क) (B–431) अलेसे–I / 3929-33 दिनांकः– 18/06/2024

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
3. उपनिदेशक(एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. श्रीमती बिन्नी जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.rajasthan.gov.in, E-Mail Id – aao1.dta@rajasthan.gov.in Fax-2740735, Tel.- 2744134